54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 26.2 °c अधिकतम 31.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:52, सूर्यास्त - 6:49 | वर्ष : 54/ अंक : 234 | मंगलवार, 25 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, द्वादशी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**|| अमृतवाणी ||**

एक बुद्धिमान व्यक्ति मूर्खता भरे सवाल से भी सीख सकता है, जबकि एक मूर्ख व्यक्ति बुद्धिमानी भरे जवाब से उतना नहीं सीख सकता।

राजनीतिक 'संन्यास' नहीं लूंगी, बीजेपी को हाशिए पर धकेलने तक नहीं रुकूंगी : ममता बनर्जी



फूल की पत्ती से हीरा कट भी सकता है...

# 20 करोड़ के जीएसटी घोटाले में ईडी ने शाहनवाज राना समेत कई उद्यमियों के दफ्तरों को खंगाला

**दो करोड़ की नकदी बरामद, मौके से डिजिटल व दूसरे दस्तावेज कब्जे में लिए**

**'हर हर महादेव' और 'बोल बम भोले शंकर की' के स्टिकर लगी गाड़ियों से आई टीमें**

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु.)।** पूर्व विधायक शाहनवाज राना की फर्जी फर्म के जरिए अवैध रूप से करीब बीस करोड़ रुपए के जीएसटी आईटीसी क्लेम के मामले के जख्म आज उस समय फिर हरे हो गए जब राना एंपायर के राना हाउस समेत मुजफ्फरनगर में इस फर्म से लेनदेन के मामले से जुड़े दो बड़े उद्यमियों के अलावा गाजियाबाद और फरीदाबाद की फर्मों पर एक साथ ईडी की छापामारी हुई। 'हर हर महादेव' और 'बोल बम भोले शंकर की' के स्टिकर लगी गाड़ियों से आए ईडी के अधिकारियों ने निशाने पर आए सभी प्रतिष्ठानों को घेर लिया और इसके बाद वहां सीआरपीएफ और पुलिस को तैनात कर परिसरों को सील कर पड़ताल शुरू की गई। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस दौरान दो करोड़ रुपए की नकदी के अलावा तमाम दस्तावेज और डिजीटल रिकॉर्ड ईडी ने खंगाले और अपने कब्जे में ले लिए।

पूर्व बसपा विधायक शाहनवाज राना की जम्बूद्वीप एक्सपोर्ट्स एंड इंपोर्ट्स लिमिटेड कंपनी पर जीएसटी के छापे के दौरान भारी अनियमितताएं मिलीं थीं। इस मामले में शाहनवाज राना को गिरफ्तार किया था। बाद में उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। इसके बाद से मामला ठंडा पड़ गया था। आज अचानक सुबह दिन निकलते ही करीब पांच बजे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने ताबड़तोड़ छापे मारी की तो इसमें राना एंपायर के साथ कई दूसरी फर्में भी इसके निशाने पर रही। टीम ने मेरठ रोड स्थित राना हाउस के साथ शाहनवाज राना के अखबार शाह टाइम्स कार्यालय में स्थित जम्बूद्वीप एक्सपोर्ट्स एंड इंपोर्ट्स लिमिटेड के दफ्तर को भी निशाने पर ले लिया। इस दौरान पूरे परिसर को सील कर किसी को अंदर से बाहर या बाहर से अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई। रेड की सूचना पर राना हाऊस पहुंचे कुछ हमदर्द उद्यमियों को बाहर से ही वापस भेज दिया गया। राना परिवार से जुड़े पूर्व सांसद कादिर राना, उनके भाई नूर सलीम राना पप्पू व जाकिर राना के परिवार भी न्यू राना हाउस में ही रहते हैं। कृष्णापुरी में स्थिति पुराने राना हाउस पर भी रेड़ हुई। राना परिवार से जुड़ी राना गार्डर रोलिंग मिल पर भी छापेमारी की गई।

**फरीदाबाद में इन उद्यमियों पर लगा छापा**

फरीदाबाद में ईडी की कार्रवाई सेक्टर-15 और सेक्टर-8 में हुई। सेक्टर-15 स्थित मकान नंबर 972 में रहने वाले नमन अग्रवाल तथा सेक्टर-8 स्थित मकान नंबर 389 में रहने वाले विनोद अग्रवाल के आवास पर टीम ने तलाशी ली। दोनों का संबंध एक्सपोर्ट कारोबार से बताया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने वित्तीय दस्तावेजों, कारोबारी रिकॉर्ड और डिजिटल साक्ष्यों की जांच की। हालांकि, तलाशी के दौरान क्या-क्या बरामद हुआ, इसकी अलग-अलग जानकारी ईडी की ओर से अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। ईडी की टीम देर रात तक अहम दस्तावेज और बही-खाते खंगालने में जुटी रही।



द्वारिकापुरी में अनिल तायल के निवास पर छापा



'हर हर महादेव' और 'बोल बम भोले शंकर की' के स्टिकर लगी गाड़ी

## इन उद्यमियों पर भी रहा निशाना

**मुजफ्फरनगर।** राना परिवार के अलावा लखनऊ से पहुंची प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने दो अन्य बड़े उद्योगपतियों के ठिकानों पर भी डेरा डाल लिया। पारस टीएमटी व सर्वोत्तम रोलिंग मिल के संचालक संजय जैन व राजीव जैन के आवास और रोलिंग मिल पर कार्रवाई शुरू हुई। संजय जैन के यहां पिछले कुछ महीनों में तीन बार कार्यवाही हो चुकी है जिसमे एक मामले में संजय जैन को कई महीने जेल में भी रहना पड़ा था। इसके बाद उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। श्री बालाजी रोलिंग मिल के स्वामी और एसडी पब्लिक स्कूल के सचिव आकाश कुमार के जानसठ रोड पर द्वारिका सिटी स्थित आवास व मिल तथा मोहल्ला द्वारिकापुरी में अनिल तायल के घर में किराये पर रहने वाले शाहनवाज राना के चार्टेड एकाउंटेंट विराज चौधरी के घर पर भी ईडी की टीम ने छापा मारा। एक साथ हुई ताबड़तोड़ छापेमारी से जिले के राजनैतिक और कारोबारी परिवारों में हड़कंप मच गया। ईडी सूत्रों के अनुसार राना परिवार से संबंधित फर्मों पर 9.63 करोड़ रुपये का फर्जी आईटीसी क्लेम करने और इसके अलावा 10.28 करोड़ रुपये का बोगस क्रेडिट अन्य फर्मों को पास करने का आरोप हैं। इसमें पारस टीएमटी द्वारा 5 करोड़ रुपये से अधिक तथा श्री बालाजी रोलिंग मिल द्वारा बोगस फर्मों से 8 करोड़ रुपये से ज्यादा का माल बेचकर फर्जी आईटीसी हासिल करने का मामला सामने आया है।

## 5 दिसंबर 2024 को हुआ था पहला खुलासा, शाहनवाज गए थे जेल

जीएसटी से जुड़े एक मामले में पूर्व विधायक शाहनवाज राना उस समय निशाने पर आए थे, जब 5 दिसंबर 2024 को सपा नेता एवं पूर्व सांसद कादिर राना की राना स्टील फैक्ट्री में मेरठ की केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर (सीजीएसटी) टीम और डीजीजीआई देहरादून यूनिट ने छापा मारा था। इस कार्रवाई के दौरान जीएसटी अधिकारियों की पांच गाड़ियों में तोड़फोड़ और पथराव और महिला अधिकारी के साथ कथित बदसलूकी को लेकर मामला बिगड़ गया था और लगभग पूरा राना परिवार इसकी चपेट में आ गया था। मामले में मेरठ यूनिट के जोनल इंटेलिजेंस ऑफिसर कौशल कुमार की ओर से कादिर राना की दो बेटियों, बेटे और भतीजे पूर्व विधायक शाहनवाज राना समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। उसी दिन पूर्व विधायक शाहनवाज राना को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट तथा कथित कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से जीएसटी चोरी से संबंधित मुकदमे भी दर्ज किए गए थे। अधिकारियों के मुताबिक शाहनवाज राणा और उनके बेटे से जुड़ी जम्बूद्वीप एक्सपोर्ट एंड इंपोर्ट लिमिटेड़ कंपनी इस छापे के दौरान पकड़ में आई थी।



**हाईकोर्ट से मिली जमानत, तब हुई थी रिहाई**

जीएसटी चोरी से जुड़े इस मामले में निचली अदालत से जमानत अर्जी खारिज होने के बाद शाहनवाज राना काफी समय जेल में रहे और अगस्त 2025 में इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद पूर्व विधायक शाहनवाज राना रिहा हुए थे। कंपनी पर आरोप है कि बिना सामान की असल आवाजाही के जाली इनवॉइज और ई-वे बिल के जरिये फर्जी आईटीसी बनाने और उसे आगे पास करने में शामिल थी। जांच में कई फर्जी या अस्तित्वहीन कंपनियों के जरिये बड़े पैमाने पर सर्कुलर ट्रांजेक्शन, फंड की तेजी से लेयरिंग और कैश निकालने की बात सामने आई है।

**गाजियाबाद की सुधा स्टील पर रेड**

सुधा स्टील (गाजियाबाद) में ईडी छापा मारा गया। सुधा स्टील गाजियाबाद के प्रमुख निदेशक दिवेश कुमार गोयल, सुधा रानी, योगेश कुमार गोयल, रश्मि गोयल, राकी गोयल, पुलकित गोयल आदि हैं। यह कंपनी माइल्ड स्टील के फ्लैट, राउंड, एंगल, जोइस्ट, चैनल और टीएमटी बार जैसी स्टील सामग्री के निर्माण कार्य से जुड़ी है।



आकाश कुमार के आवास पर ईडी की छापामार कार्रवाई



राना हाउस पर छापेमारी के दौरान आवाजाही बंद

## ईडी का आधिकारिक बयानः दो करोड़ नकद, डिजिटल साक्ष्य बरामद

**नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लखनऊ जोनल ऑफिस ने सोमवार सुबह मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद और हरियाणा के फरीदाबाद में नौ ठिकानों पर छापेमारी में न्यू राना हाउस (मुजफ्फरनगर) और सुधा स्टील (गाजियाबाद) से दो करोड़ रुपये से अधिक नकद बरामद किया। साथ ही एजेंसी ने इस छापेमारी में कई डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और रजिस्टर भी जब्त किए। ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जंबूद्वीप एक्सपोट्र्स एंड इम्पोर्ट्स लिमिटेड से जुड़े फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) मामले में की गई। जांच में सामने आया है कि कंपनी ने फर्जी चालान और ई-वे बिल के जरिए बिना माल की वास्तविक आवाजाही के आईटीसी का निर्माण और पासिंग किया। इसमें व्यापक सर्कुलर लेनदेन, तेजी से फंड्स की लेयरिंग और नकद निकासी शामिल रही। जीएसटी अधिकारियों ने 9.63 करोड़ रुपये का फर्जी आईटीसी लेने और 10.28 करोड़ रुपये का आईटीसी पास करने की पुष्टि की है, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ। ईडी की तलाशी का उद्देश्य अपराध से प्राप्त धन का पता लगाना, अन्य लाभार्थियों की पहचान करना और नेटवर्क से जुड़े सबूत जुटाना था। बरामद नकदी और जब्त किए गए डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है। ईडी ने कहा कि आगे की जांच जारी है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए दस्तावेजों का विश्लेषण किया जा रहा है। यह कार्रवाई फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लेने और उसे आगे पास करने से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले के सिलसिले में की गई। ज्योग्राफिक मैप्स और जीपीएस गाइड एक्सप्लोर करना यह तलाशी 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट' (पीएमएलए), 2002 के तहत की जा रही है। यह जांच एक ऐसे कथित नेटवर्क के बारे में है, जो बिना किसी असली सामान की आवाजाही के, नकली इनवॉइस और ई-वे बिल के जरिए धोखाधड़ी वाला आईटीसी बनाता और आगे भेजता था।



